बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान एम्फान बंगाल के दीघा और बांग्लादेश के हातिया के बीच कहर बरपाता हुआ तट से टकराया, 72 की मौत, उत्तरी 24 परगना जिले में करीब 5200 घरों को क्षति

कोरोना संकट के कारण दो महीने के लॉकडाउन के बाद 25 मई से घरेलू उड़ानें एक बार फिर से होंगी शुरु

12 घण्टे के अन्दर मेहसी पुलिस को मिली सफलता, लूट के रुपया, लूट में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल के साथ आठ लुटेरे हुए गिरफ्तार

रेलवे ने पहली जून से चलने वाली 100 जोड़ी यात्री ट्रेनों की सूची जारी की,इनमें एसी, नॉन एसी और जनरल सभी तरह के कोच होंगे, टिकट की बुकिंग आज सुबह 10 से शुरु


# युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+21 तिथि : 21 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान एम्फान बंगाल के दीघा और बंगलादेश के हातिया के बीच कहर बरपाता हुआ तट से टकराया, 72 की मौत, उत्तरी 24 परगना जिले में करीब 5200 घरों को क्षति



न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान एम्फान बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे बंगाल के दीघा और बांग्लादेश के हातिया के बीच कहर बरपाता हुआ तट से टकरा गया। बंगाल में तूफान ने भारी तबाही मचाई है। 160 से 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इस तूफान ने कोलकाता एयरपोर्ट तक को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोलकाता के कई इलाकों में पानी भर गया है। पश्चिम बंगाल में तूफान से तबाही कितनी हुई इसका आकलन अभी बाकी है, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दावा है कि एम्फान से राज्य में 72 लोगों की मौत हुई है। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य का दौरा भी करने की मांग की है। ममता बनर्जी ने कहा कि अभी हालात ठीक नहीं हैं। मैं पीएम मोदी से मांग करती हूं कि वो यहां का दौरा करें। मैं भी हवाई सर्वेक्षण करूंगी। लेकिन मैं हालात ठीक होने का इंतजार कर रही हूं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख मुआवजा भी देने का ऐलान किया है. सीएम ममता ने कहा कि आज हमारी आय शून्य है और हमें चुनौतियों का सामना करना होगा। पूरे बंगाल में 72 लोगों की मौत हुई है। ममता बनर्जी के मुताबिक, कोलकाता में 15, हावड़ा में 7, नॉर्थ 24 परगना में 17, ईस्ट मिदनापुर में 6, साउथ 24 परगना में 18 और हुगली में 2 लोगों की मौत हुई है।

### टूट गए नदियों पर बने बांध

तूफान से बिजली के खंभे, लैंपपोस्ट, टेलीफोन टावर, ट्रैफिक सिग्नल धराशायी होने के साथ नदियों के तटबंध तक टूट गए। एम्फन को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इस महाविनाशकारी तूफान से दक्षिण बंगाल में भारी तबाही हुई है। सागरद्वीप से तूफान के टकराकर दाखिल होने के बाद 135 से 140 किलोमीटर की रफ्तार में हवा चल रही थी, जिससे मची तबाही कल्पना से परे है।

### सचिवालय को भी नुकसान

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सचिवालय में एम्फन को लेकर बने कंट्रोल रूम में खुद मौजूद थीं। चक्रवात की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सचिवालय के कई गेट व खिड़कियों के शीशे टूट गए हैं। ममता ने कहा कि बंगाल में रात 9 बजे तक जो खबरें आई है उसके अनुसार पेड़ गिरने से कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना जिले में 12 लोगों की मौत हुई है। अधिकांश मौत पेड़ की चपेट में आने से हुई है। तूफान को लेकर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ममता से टेलीफोन कर बात की और हालात की जानकारी ली।

### एक लाख करोड़ के ज्यादा के नुकसान की आशंका

ममता ने कहा कि जिस तरह की सूचनाएं मिली है उससे ऐसा लग रहा है कि तूफान से एक लाख करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। कहा कि पीने का पानी से लेकर अन्य आवश्यक सामान संपर्क कटे क्षेत्रों तक पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता होगी। सरकार ने पहले ही पांच लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया था। जिससे काफी हद तक जनजीवन के नुकसान को नियंत्रित किया जा सका है।

### 6.58 लाख लोगों को निकाला, बैठक आज

तूफान के टकराने से पहले बंगाल और ओडिशा में तटीय इलाकों से 6.58 लाख लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। बांग्लादेश में 24 लाख लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। गुरुवार दोपहर 3 बजे एम्फन को लेकर गठित टास्क फोर्स की बैठक बुलाई गई है। इसमें नुकसान और तत्काल लोगों तक राहत पहुंचाने और संपर्क स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को लेकर चर्चा होगी।

### एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 41 टीमें तैनात

अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 41 टीमें पश्चिम बंगाल और ओडिशा दोनों राज्यों में तैनात हैं। भुवनेश्वर में अलग से अग्निशमन की 250 तथा ओडिशा फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की 100 यूनिट तैनात की गई हैं। भुवनेश्वर व कोलकाता के मौसम विज्ञानियों के अनुसार, सुंदरवन में लैंडफाल करने के बाद एम्फन बांग्लादेश की तरफ कूच कर गया है। हालांकि इससे पहले ओडिशा सीमा से गुजरते समय एम्फन ने राज्य के तटीय जिलों के साथ कुल 12 जिलों को प्रभावित किया है। इसमें से चार जिला जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक एवं बालेश्वर जिले में चक्रवात ने ज्यादा तबाही मचाई है।

## कोरोना संकट के कारण दो महीने के लॉकडाउन के बाद 25 मई से घरेलू उड़ानें एक बार फिर से होंगी शुरु






आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

कोरोना संकट के कारण दो महीने के लॉकडाउन के बाद 25 मई से घरेलू उड़ानें एक बार फिर से शुरु होंगी। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह घोषणा करते हुए सभी एयरपोर्ट और एयरलाइनों को तैयारी रहने को कहा है। सरकार के इस फैसले से पिछले दो महीने से लाकडाउन में फंसे ला. गों को बड़ी राहत मिली है।

नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा 'घरेलू नियमित कामर्शियल उड़ानें 25 मई सोमवार से शुरु हो जाएंगी। इसके लिए सभी एयरपोर्ट और एयरलाइनों को इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है। फिलहाल सीमित उड़ानों को ही इजाजत दी जा सकती है।' लेकिन पुरी ने इंटरनेशनल फ्लाइटों की नियमित उड़ानों के शुरु होने बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा है। दरअसल, कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप पर काबू पाने के लिए एहतियात के तौर पर सभी घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानें लाकडाउन की घोषणा के साथ ही 25 मार्च से बंद कर दी थीं।

पुरी ने अपने एक ट्वीट संदेश में कहा है कि घरेलू उड़ानें 25 मई 2020 से फिर से शुरु होंगी। सभी एयरपोर्ट और एयर लाइनों को इसके लिए तैयार रहने को कह दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मुताबिक फ्लाइट पकड़ने वाले यात्रियों को उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा, एयरपोर्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों और एयरलाइनों के लिए विस्तृत आचार संहिता के बारे में बाद में अलग से दिशानिर्देश जारी किया जाएगा।

कोविड–19 की महामारी के चलते भारत में नागरिक उड्डयन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पिछले दो महीने के भीतर एक भी घरेलू उड़ान नहीं हो सकी है। इस दौरान एयरलाइनों में कर्मचारियों की छंटनी, पायलटों के वेतन में कटौती और अवैतनिक ड्यूटी जैसे कड़े फैसले लिए गए। पहले, दूसरे और तीसरे चरण के लाकडाउन के दौरान फ्लाटें नहीं उड़ीं। चौथे चरण की शुरुआत 18 मई से हुई है, लेकिन सरकार ने 25 मई से बंद बड़ी फ्लाइट्स को शुरु करने का फैसला ले लिया है। लॉकडाउन के दौरान केवल कार्गो फ्लाइट्स, मेडिकल एंबुलेंस फ्लाइट, कुछ जगहों पर हेलिकाप्टरों की उड़ानों के साथ कुछ विशेष उड़ानों को इजाजत दी गई थी।

बता दें कि इससे पहले घरेलू उड़ानों को शुरू करने के मुद्दे पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया था कि घरेलू उड़ानों की बहाली का फैसला केवल मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया या केंद्र अकेले नहीं ले सकता। सहकारी संघवाद की भावना ने राज्यों सरकारों की भी, जहां से ये फ्लाइट टेकऑफ और लेंडिंग करेगी, को भी अनुमति देने के लिए तैयार होना चाहिए।

बता दें कि कि देश में 25 मार्च से जारी लॉकडाउन के समय से ही घरेलू उड़ानों पर पाबंदी लगी है। लॉकडाउन का चौथा चरण 31 मई को समाप्त होगा। सरकार की ओर से धीरे–धीरे ज्यादातर पाबंदियां खत्म की जा रही हैं। रेलवे ने मंगलवार को 200 नॉन–एसी ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। ये ट्रेनें 1 जून से टाइम टेबल के अनुसार प्रतिदिन चलेंगी।

### कई एयरलाइंस ने शुरू कर दी है बुकिंग

बता दें कि सरकार की तरफ से इसको लेकर अभी निर्देश जारी किया गया है। हालांकि कई एयरलाइंस ने 1 जून से हवाई टिकट की बुकिंग शुरू कर दी है। एयरलाइंस पहले भी ऐसा कर चुकी हैं। लॉकडाउन के चौथे चरण में भी प्लेन, ट्रेन, मेट्रो के संचालन पर पूरी तरह से पाबंदी है। लेकिन अब इसे धीरे –धीरे खोला जा रहा है।

## रेलवे ने पहली जून से चलने वाली 100 जोड़ी यात्री ट्रेनों की सूची जारी की,इनमें एसी, नॉन एसी और जनरल सभी तरह के कोच होंगे, टिकट की बुकिंग आज सुबह 10 से शुरु






ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

रेलवे ने पहली जून से चलने वाली 100 जोड़ी यात्री ट्रेनों की सूची जारी कर दी है। इनके लिए टिकट की बुकिंग गुरुवार सुबह 10 से शुरू होगी। टिकट की बुकिंग केवल आइआरसीटीसी की वेबसाइट या एप से ही होगी। कोई भी स्टेशन काउंटर नहीं खुलेगा। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया है कि इनमें एसी, नॉन एसी और जनरल सभी तरह के कोच होंगे। मंगलवार को केवल नॉन एसी ट्रेनों के चलने की बात कही गई थी। रेलवे की ओर से जारी सूची में दुरंतो, संपर्क क्रांति, जन शताब्दी और पूर्वा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के नाम हैं।

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि बिना रिजर्वेशन के यात्रा की अनुमति नहीं होगी। जनरल कोच के लिए भी टिकट बुक किया जाएगा। इसके लिए यात्री को सेकेंड सीटिंग का किराया देना होगा और उसे एक आरक्षित सीट मिलेगी। अन्य सभी श्रेणी में किराया सामान्य ट्रेनों जैसा ही रहेगा। इन ट्रेनों में अधिकतम 30 दिन आगे तक का टिकट लेने की अनुमति होगी। वेटिंग और आरएसी का टिकट भी नियमानुसार मिलेगा, लेकिन वेटिंग वालों को यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी। तत्काल एपं प्रीमियम तत्काल बुकिंग की अनुमति नहीं होगी।

कर्नाटक में दो अंतर्राज्यीय ट्रेनों के संचालन की अनुमति भी रेलवे ने दी है। ये दोनों स्पेशल ट्रेनें बेंगलुरु–हुबली–बेलगावी और मैसुरु–बेंगलुरु के बीच चलेंगी। इनके लिए भी आरआरसीटीसी की वेबसाइट या एप से ही टिकट की बुकिंग होगी। इनका संचालन शुक्रवार से शुरू हो जाएगा।

### 1 जून से चलने वाली ट्रेनों की सूची

बता दें कि 19 मई को भारतीय रेलवे ने एक जून से 200 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन नियमित तौर पर चलाने का फैसला किया था। ये ट्रेनें निर्धारित टाइम टेबल के आधार पर चलाई जाएंगी। इन स्पेशल ट्रेनों के लिए टिकटों की बुकिंग कल से शुरू हो जाएगी। रेलवे इन ट्रेनों के संचालन की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। इसके साथ ही ट्रेनों की लिस्ट भी जारी हो गई है।

### कुछ अहम ट्रेनें :

लखनऊ मेल, सप्तक्रांति सुपरफास्ट, श्रमजीवी एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस, सत्याग्रह एक्सप्रेस, श्रमशक्ति एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, गोल्डन टेंपल, पश्चिम एक्सप्रेस।

### रेल मंत्री ने ट्वीट कर दी जानकारी

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट कर कहा, 'रेलवे द्वारा एक जून से 200 नॉन एसी ट्रेनों की शुरुआत की जाएगी, जो समय सारणी के अनुसार चलेंगी। यात्री इन ट्रेनों के लिये केवल ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे। इन सेवाओं के शुरु होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी, तथा उन्हें अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचने में सुविधा होगी।'

### श्रमिक स्पेशल और राजधानी स्पेशल का संचालन जारी

इससे पहले, एक मई को मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया था। इसके बाद 12 मई को राजधानी स्पेशल ट्रेनों के संचालन का फैसला किया गया। इसके तहत कुल 15 जोड़ी ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया। चलाई जा रही सभी राजधानी स्पेशल ट्रेन में पूरी क्षमता के साथ चल रही है। इन ट्रेनों के टिकट 2 दिन के भीतर ही बिक गए।

### रेलवे अब तक 22 लाख प्रवासी को पहुंचाया घर

उधर, दूसरी ओर प्रवासी मजदूरों के घर लौटने को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बढ़ रहा था। वैसे तो श्रमिक स्पेशल ट्रेनों की संख्या 1600 हो चुकी है जिससे अब तक लगभग 22 लाख प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाया जा चुका है। इसके बावजूद प्रवासी मजदूरों की संख्या घटने का नाम नहीं ले रही है।

## डीएम और एसपी ने क्वारंटीन सेंटरों की व्यवस्था का मुआयना किया, श्रमदान की अपील के साथ डीएम ने दिए कई दिशा -निर्देश



रिंकू गिरी,
संवाददाता




राज्य में प्रवासियों के आगमन का सिलसिला लगातार जारी है. उन्हें आवासित करने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं. इस क्रम में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक और पुलिस अधीक्षक नवीन चंद्र झा हरसिद्धि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्वारंटीन सेंटरों पर पहुंचे. डीएम और एसपी ने सेंटरों की व्यवस्था का मुआयना किया. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सेंटर में रह रहे लोगों से बात की और सुविधाओं के बारे में पूछा. डीएम और एसपी ने प्रखंड क्षेत्र के पानापुर रंजीता पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के अलावा गांधी उच्चतर माध्यमिक प्लस टू विद्यालय में बनाए गए क्वारंटीन सेंटर का निरीक्षण किया.

### डीएम ने की श्रमदान की अपील

निरीक्षण के क्रम में डीएम और एसपी ने आवासित प्रवासी मजदूरों से सेंटर के सुरक्षा की जानकारी ली. साथ ही उनकी समस्याओं के निजात को लेकर कई दिशा–निर्देश दिए. मौके पर डीएम ने सेंटरों पर रह रहे प्रवासी मजदूरों से आवासन काल में श्रमदान करने की अपील की. जायजा लेने के बाद डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि सेंटर पर डिग्निटी किट की व्यवस्था, मेस कमिटी का गठन, शौचालय, पीने का पानी और भोजन की संतोषप्रद व्यवस्था है. उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वय से सेंटरों की कड़ी निगरानी रखी जा रही है. इसमें प्रवासी मजदूर भी सहयोग कर रहे हैं.

## 12 घण्टे के अन्दर मेहसी पुलिस को मिली सफलता, लूट के रुपया, लूट में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल के साथ आठ लुटेरे हुए गिरफ्तार



सम्राट, संवाददाता




बिहार में कोरोना और लॉकडाउन के दौरान भी अपराध की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है. ताजा मामला पूर्वी चम्पारण का है जहां के मेहसी थाना क्षेत्र के कस्बा मेहसी के बड़े लूट की घटना हुई. पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से नकाबपोश अपराधियों ने पांच लाख 77 हजार रुपये लूट लिया और रिवाल्वर का भय दिखकर फरार हो गए. हालांकि 12 घण्टे के अन्दर मेहसी पुलिस को मिली सफलता, लूट के रुपया, लूट में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल के साथ आठ लुटेरे गिरफ्तार किए गए हैं.

ज्ञात हो कि मामले की जानकारी मिलते ही खुद एसपी नवीनचन्द झा खुद मौके पर पहुंचे. एसपी ने बताया कि पीएनबी कस्बा मेहसी शाखा में चार सशस्त्र अपराधी घुसे और पांच लाख 77 हजार रूपये लूटकर शिवहर की ओर बाइक से भागने लगे. इस क्रम में गश्ती दल ने ग्रामीणों के सहयोग से खदेड़ कर दो लोगों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है.

### एसपी ने बनाई जांच टीम

एसपी ने बताया कि चकिया के डीएसपी शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई है जो छापेमारी कर रही है. पकड़े गए दोनों अपराधियों से पुलिस पूछताछ में लगी है. जानकारी के अनुसार बैंक के अन्दर ब्रांच मैनेजर अरविन्द कुमार, असिस्टेंट मैनेजर निहाल कुमार और कैशियर रविरंजन मौजूद थे. एसपी ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज भी खंगाला. बैंक कर्मी मैनेजर अरविन्द कुमार ने बताया कि बैंक के अन्दर दो लोग घुसे. एक आदमी गेट के बाहर था जबकि एक अपराधी बैंक के नीचे बाइक पर खड़ा था. गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ जारी है.

### 12 घण्टे के अन्दर मेहसी पुलिस को मिली सफलता

पीएनबी बैंक लूट मामले में 12 घण्टे के अन्दर मेहसी पुलिस को मिल गई सफलता. लूट के रुपया, लूट में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल के साथ आठ लुटेरे हुए गिरफ्तार. प्रेसवार्ता कर मोतीहारी एसपी नवीन चन्द्र झा ने विस्तृत जानकारी दी.

## कोरोना स्पेशल

## 24 घंटे के अंदर पूर्वी चम्पारण में आज मिला कोरोना के 11 संक्रमित मरीज, संख्या बढ़कर हुई 54, न तो सोशल डिस्टेंसिंग का ही अनुपालन हो रहा है और ना ही रोस्टर के हिसाब से दुकानें ही खुल रही है

24 घंटे के अंदर पूर्वी चम्पारण में आज कोरोना के 11 संक्रमित मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। इधर जिलाधिकारी के लाख प्रयास के बावजूद न तो सोशल डिस्टेंसिंग का ही अनुपालन हो रहा है और ना ही रोस्टर के हिसाब से दुकानें खुल रही है।

एक साथ बड़ी संख्या में संक्रमित मरीज मिलने से जिले के लोगों में हड़कंप मचा है। असज रिपोर्ट पॉजिटिव आनेवालों में घोड़ासहन के एक, सरैया वृति के एक, बतरौलिया के दो, बेलाबैजु के तीन, रामपुर के दो, चौता के एक एवं खैरवा के एक कोरोना संक्रमित है। इस प्रकार पूर्वी चम्पारण में संक्रमितों की संख्या 54 हो गई है। इस बात की पुष्टि जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत राय ने किया है। कोरोना संक्रमित पहाड़पुर ब्लॉक के लोग 8 दिन पूर्व गुजरात से आये थे।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830